आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 13.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- **राजस्थान उच्च न्यायालय में लम्बित मामलों के जल्द निपटारे के लिए अब हर महीने दो शनिवारों पर नियमित सुनवाई का फैसला।**
- **राज्य में जीएसटी विभाग ने 110 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 200 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी पकड़ी।**
- **जोधपुर के आयुर्वेद विश्वविद्यालय अब यूके और जर्मनी सहित कई विदेशी संस्थाओं में आयुर्वेदिक डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करेगा**
- **प्रदेश में लक्ष्य के मुकाबले रबी फसलों की 93 प्रतिशत से अधिक बुवाई।**

000

राजस्थान उच्च न्यायालय में लंबित मामलों के जल्द निपटारे के लिए हाईकोर्ट ने अपने कार्य दिवस बढ़ाने का फैसला किया है। जैसलमेर में आयोजित राजस्थान हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ बैठक में ये फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा ने की। हाईकोर्ट के वार्षिक कार्य दिवस की अवधि 210 दिन से बढ़ाकर 230 दिन की गई है। देश की सबसे बड़ी अदालत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पहल पर अब हर महीने दो शनिवार को भी राजस्थान उच्च न्यायालय नियमित रूप से अदालती कार्य करेगी। राजस्थान उच्च न्यायालय कार्य दिवस बढ़ाने वाला देश का पहला हाईकोर्ट बना गया है। वहीं जयपुर और जोधपुर जिलों में मजिस्ट्रेट स्तर पर एक–एक सांयकालीन न्यायालय को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने का फैसला लिया गया है। इन न्यायालयों के संचालन और व्यवस्था से जुड़े निर्णय के लिए राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में दो जजों की कमेटी बनाई गई है।

000

राष्ट्र आज संसद आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। वर्ष 2001 में आज ही के दिन सुरक्षाकर्मियों ने संसद की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई केन्द्रीय मंत्रियों ने संसद भवन में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और अन्य सांसदों ने भी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि राष्ट्र उन नायकों के साहस, वीरता और बलिदान को नमन करता है, जिनकी कर्तव्य निष्ठा भारत की राष्ट्रीय भावना को निरंतर मार्गदर्शन देती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। उन्होंने कहा कि भीषण खतरे के बीच उनका साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा सराहनीय थी।

000

राज्य में 110 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 200 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी पकड़ी गई है। स्टेट जीएसटी विभाग ने आज विभिन्न प्रतिष्ठानों पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। विभाग की ओर से आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 300 से अधिक अधिकारियों की टीम ने प्लाईवुड, स्क्रैप, टाइल्स और रियल एस्टेट जैसे प्रमुख सेक्टर्स में छापा मारकर ये कर चोरी पकड़ी है। जाँच के दौरान फर्जी बिलिंग और आपत्तिजनक दस्तावेज़ भी बरामद हुए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई व्यापारियों ने कर चोरी स्वीकार करते हुए स्वेच्छा से लगभग 10 करोड़ रुपये की राशि जमा कराई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कर चोरी के विरुद्ध सघन अभियान जारी रहेगा।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि केन्द्र सरकार के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास अभियान से सड़क, हाईवे, एविएशन और वॉटरवे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। इससे देश की वैश्विक छवि सुधरी है और पर्यटन क्षेत्र में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। श्री शेखावत ने आज जोधपुर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कुछ लोग राष्ट्रीय हितों से ऊपर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को रखते हैं। उन्होंने राष्ट्र की एकता को राजनीतिक लाभ–हानि से जोड़ने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

000

जोधपुर का आयुर्वेद विश्वविद्यालय अब विदेशों में भी आयुर्वेद डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय को राज्य सरकार के बाद अब केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय से भी मंजूरी मिल गई है। विश्वविद्यालय ने यूके और जर्मनी सहित कई विदेशी संस्थाओं के साथ इस बाबत एमओयू किये हैं।

इसके तहत ऑनलाइन नाड़ी परीक्षण सर्टिफिकेट कोर्स, न्यूट्रा स्यूटिकल और सौंदर्य प्रसाधन जैसे विषयों पर मुहर लगाई गई है। इसके साथ ही, विश्वविद्यालय के विभागों में वृद्धावस्था देखभाल से संबंधित नए कोर्सेज शुरू किए जाएंगे। इन कोर्सेज में दसवीं पास अभ्यर्थी भी प्रवेश ले सकेंगे। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल भी संचालित करेगा।

000

प्रदेश में इस बार रबी फसलों की बुवाई लक्ष्य के मुकाबले 93 प्रतिशत अधिक की जा चुकी है। इस बार कुल 1 करोड़ 20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों की बुआई की जानी थी, जो कि अब तक 1 करोड़ 12 लाख हेक्टेयर में बुवाई की जा चुकी है। इस सीजन में गेंहू की बुआई 90 फीसदी से ज्यादा वहीं सरसों की बुआई लक्ष्य के मुकाबले 94 फीसदी से ज्यादा हो चुकी है।

000

राज्य की मौजूदा सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरे होने के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में अमर जवान ज्योति पर आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान के राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत की। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने वाले पांच नागरिकों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित आमजन को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। श्री शर्मा ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से जन–जागृति रथों और ऑटोरिक्शा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। समारोह में दिव्यांगजन को हेलमेट वितरित किये गये।

अजमेर में आयोजित किये गये कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित कई वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों ने भाग लिया। उपमुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में सभी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने का काम किया है।

000

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि राज्य सरकार ने विद्युत क्षेत्र में राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में नए थर्मल और न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं। श्री राठौड़ आज जयपुर में मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि पानी के लिए मध्य प्रदेश और हरियाणा सरकार के साथ समझौतों पर काम हुआ है। श्री राठौड़ ने सड़कों को मजबूत बनाने के लिए 'राइजिंग राजस्थान' के तहत 8 लाख करोड़ के निवेश को जमीन पर उतारने और 1 लाख से अधिक नौकरियां देने को सरकार की बड़ी उपलब्धियां बताया।

000

कोटा रेलवे वर्कशॉप ने नवाचार करते हुए तेल चोरी रोकने के लिए मॉडिफाइड बीटीपीएन टैंकर बनाए हैं। इन टैंकरों की मदद से हादसों और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा। इन टैंकरों के फिलिंग पॉइन्ट्स पर उच्च–सुरक्षा ताले और स्पेशल लॉकिंग बोल्ट लगाए गए हैं, जिन्हें बिना विशेष चाबी के खोलना असंभव है। कोटा रेलवे मंडल के सलाहकार समिति के सदस्य धीरज गुप्ता ने बताया कि वर्कशॉप द्वारा बनाये गये दो रैक में से पहले रैक का सफलतापूर्वक टेस्ट रन पूरा किया जा चुका है। यह तकनीक पूरी देश के लिए एक महत्वपूर्ण नवाचार साबित होगी।

000

पाली जिले को एनीमिया मुक्त बनाने की दिशा में 'पिंक पखवाड़ा' अभियान चलाया जा रहा है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से 15 दिसम्बर तक आयोजित इस अभियान का उद्देश्य गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं में खून की कमी को दूर करना है।